nandgaon times JULAI-17-3.qxd 7/16/2025 11:58 PM Page 1

कलेक्टर ने नगर में निर्माणधीन... पृष्ठ 2 | सरपंचों व सीईओ की जानकारी... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 17 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 267, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।





# प्रदेश में साइबर अपराधों को रोकने आईटी विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी - गृहमंत्री

## भाजपा के सुनील सोनी, अनुज शर्मा, राजेश मूणत एवं अजय चंद्राकर ने बढ़ते साइबर अपराधों पर जताई चिंता

**रायपुर।** प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छग सरकार साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। अभी तक कुल 107 प्रकरणों में 3.69 करोड़ की राशि पीड़ितों को दिलाई गई है। राज्य में शीघ्र आईटी पेशेवर साइबर विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाएगी।

विधानसभा में आज सत्तारूढ़ दल के सुनील सोनी अनुज शर्मा एवं राजेश मूणत द्वारा राज्य में बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता जताई। सुनील सोनी ने पूरक प्रश्न के माध्यम से पूछा कि इसमें बैंक अधिकारियों की भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि दोषी लोगों पर क्या कार्रवाई की जा रही है तथा रकम दिलाने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे है। भाजपा के राजेश मूणत ने पूरक प्रश्न के माध्यम से जानना चाहा कि साइबर चालान किये जा रहे है जिसके तहत फर्जीवाड़ा हो रहा है इसके लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है। वहीं भाजपा के ही अनुज शर्मा ने कहा कि बौद्धिक संपदा की चोरी के लिए कोई कानून नहीं है इसके लिए चक्कर काटना पड़ता है तथा थानेदार घुमाते रहते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि राज्य में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक राज्य पुलिस थाना एक रेंज स्तर पर साइबर थानों को खोलने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि रायपुर में साइबर अपराध रोकने के लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे सीडेक, सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस एकेडमी के माध्यम से पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को



प्रशिक्षित किया जा रहा है। गृह मंत्रालय भारत के निर्देशानुसार साइबर अपराध से लड़ने के लिए साइबर कमांडो योजना के तहत राज्य में राजपत्रित अधिकारी तथा पांच अन्य अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षित किये गये है। अपराध में संलिप्त शिम कार्ड तथा आई ई एम आई नंबरों को अवरूद्ध किया जा रहा है। साइबर अपराध को रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान संचालित किये जा रहे है। भाजपा के ही अजय चंद्राकर ने कहा कि साइबर कमांडो की भूमिका पर प्रश्न उठाया। गृहमंत्री ने कहा कि वे अपना काम कर रहे हैं। रकम वापस किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं गृहमंत्री ने सदन में बताया कि साइबर अपराध के पीड़ितों को अविलंब शिकायत दर्ज किये जाने की सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल संचालित है। राज्य में साइबर क्राइम हेल्पलाईन नंबर १९३० का आधुनिक कॉल सेंटर २४बाई७ संचालित है। कॉल सेंटर में कार्यरत प्रशिक्षित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बैं, ई वालेट औरभुगतान गेटवे के नोडल अधिकारियों से सीधे समन्वय स्थापित कर संदिग्ध लेनदेन को हेल्ड करवाया जाता है। साइबर अपराध के दर्ज प्रकरणों में न्यायालयों के आदेशानुसार रकम वापसी की कार्रवाई की जाती है। ०१ जनवरी २०२४ से २० जून २०२५ तक की अवधि में राज्य में ३.६९ करोड़ की राशि, पीड़ितों को सफलतापूर्वक वापस कराई गई है।

# भाजपा मंडल छुरिया के परिचायक बैठक में शामिल हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत

### कार्यकर्ता आपसी समन्वय से काम करे

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया के मंडल कार्यकारणीय घोषणा के पश्चात मंडल पदाधिकारीयो के परिचायक बैठक साहू धर्मशाला छुरिया मे आयोजित किया गया। उक्त बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत , जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, श्रीमती गीता साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, संजय कुमार सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, अजय पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया ,घासी साहू ,सुरेंद्र सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा ,राजेश्वर धुर्वे ,मंडल भाजपा अध्यक्ष कामता साहू उपस्थित थे। जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत ने मंडल पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन और सत्ता गाड़ी के दो पहिया है और दोनों के समन्वय से मंदिर तक पहुंचना है संगठन और सत्ता में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को साथ में लेकर चलने से क्षेत्र का विकास होगा। नई टीम को पार्टी के कार्यक्रमों को जन-



जन तक पहुंचा कर पार्टी को कैसे आगे बढ़ाऐ इसकी जिम्मेदारी आप लोगों की है। आप लोगों को अवसर मिला है जो एक समय तक का है और आप लोगों को समय का सदुपयोग करना है इसकी जिम्मेदारी आप लोगों की है। आप काम करोगे तो आपकी पहचान बनेगी ,आपके साथ साथ पार्टी कवि पार्टी का भी सम्मान बढ़ेगी मंडल के पदाधिकारी बूस्ट स्तर तक पहुंच कर पार्टी के विचारधाराराम योजनाओं को मतदाता तक पहुंचाने की बात कही केंद्र और राज्य सरकार की जल कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता तक पहुंच कर अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ मिले प्रयास करना होगा। केंद्र में और राज्य में भाजपा की सरकार हैं त्रिस्तरीय पंचायत ,नगरी निकाय में भी भाजपा की सत्ता है लेकिन क्षेत्र मे भाजपा का विधायक नहीं होने के कारण कार्यकर्ताओं को मायूसी हाथ लगती है। इस बार सभी कार्यकर्ता तेरा व मेरा की भावना को भूलकर समन्वय के साथ भाजपा के प्रति काम करना है और आने वाले विस चुनाव की तैयारी में कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं और इस बार खुज्जी विधानसभा में भाजपा का कमल खिलाना है। कार्यक्रम को जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने भी संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष कामता साहू ने सभी पदाधिकारी को मंडल कार्यकारिणी सूची, शक्ति केंद्र की सूची एवं मतदान केंद्र की सूची सौपी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री शेखर भारद्वाज अशोक मरकाम, नैनसिंह पटेल, हितेश गुप्ता,खिलेंद्र साहू ,भानबाई मंडावी, श्रीमती शकुन बडोले, श्रीमती प्रभा पवार ,श्रीमती भारती रजक, शिवा मिश्रा, सोहन साहू, शीशुपाल साहू,कुश कुंभकार ,मुनेश साहू, खिलेश साहू , आनंद शुक्ला, धन्ना यादव ,टीकम साहू ,पलनीस्वामी नायडू ,देवदास साहू ,रेखा गंधर्व ,आमिर खान ,अशोक सेन ,संगीता यादव, सलूजा कोमरे, सपलिन पटेल, टामेश कुंभकार , गौरी सिन्हा सहित जनपद सदस्य, पार्षदगण कार्य कर्ता उपस्थित थे।

### तपोभूमि माउंट आबू से राजयोगी राजू भाई जी का राजनांदगांव आगमन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व



विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से तपस्वीमूर्त राजयोगी ब्रह्माकुमार राजू भाई जी का शुभागमन आज दिनांक 17 जुलाई गुरुवार को होने जा रहा है। आदरणीय राजू भाई जी के पावन सानिध्य में एक दिवसीय योग साधना तपस्या भट्ठी का आयोजन गोकुल नगर के आगे,डोंगरगांव रोड बिजली सब स्टेशन केपास स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र सज्ञान मानसरोवरस में प्रात: 7 बजे से संध्या 7 बजे तक आयोजित किया गया है। इस योग तपस्या भट्ठी में राजनांदगांव तथा आस पास के जिलों से लगभग एक हजार से भी अधिक साधक भाई -बहनों के आने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि राजयोगी राजू भाई जी ब्रह्माकुमारीज़ के आदि रतन है।आपका जन्म उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एक आध्यात्मिक परिवार में हुआ। आप 1964 में ब्रह्माकुमारीज़ के संपर्क में आए तथा 1972 में आपने अपना जीवन परमात्म कार्य के लिए समर्पित कर दिया। आप माउंट आबू में कृषि एवं ग्राम विकास विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है।

# सांसद संतोष पांडे ने नवनिर्मित अटल परिसर का किया लोकार्पण

## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य प्रतिमा का किया अनावरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकप्रिय सांसद श्री संतोष पांडे जी आज लाल बहादुर नगर, विकासखंड डोगरगढ़ में शाला प्रवेश उत्सव स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी /अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर किया गया। सांसद संतोष पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि गुणवान और चरित्रवान बच्चे देश और समाज के लिए रचनात्मक कार्य कर सकते हैं नैतिक शिक्षा से ही मानव के व्यवहार में निखार आता है।आज के बच्चे कल का भावी समाज है अगर कल के भावी समाज को अच्छा देखना चाहते हो तो वर्तमान की युवाओं को नैतिक सद्गुणों की शिक्षा की आधार से चरित्रवान बनाएं तब समाज बेहतर बन सकता है गुणवान व चरित्रवान बच्चे देश की सच्ची संपत्ति है। इस अवसर पर नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण सांसद संतोष पांडे ने किया। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का दर्जा देकर करोड़ों प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया, उनकी नैतिकता आदर्श एवं राष्ट्र व जनता की प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणापुंज है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, खेदुरम साहू पूर्व विधायक, लाल बहादुर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, जिला पंचायत सभापति अनीता मंडावी, जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, मनोज कांडे मंडल अध्यक्ष, गिरवर साहू, नोबल साहू, वेदराम ताम्रकार, शत्रुहन वर्मा, अशोक शर्मा, नीरज यादव, रामधीन देवांगन, छबीधर साहू, देवेंद्र यादव, गन्नू राम साहू, जाफर अली, रमेश यदु, शैलेश पांडे, के.आर. चंद्रवंशी प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं, भाजपा कार्यकर्ता गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# कथा आयोजन समिति का रेट फिक्स-चर्चा का बाजार गर्म



### कलश यात्रा, दुकान लगाने तथा कथा पंडाल में बैठने के लिए हो रही है वसूली

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के नर्सरी सागौन प्लांट प्रांगण में आयोजित शिव महापुराण कथा के लिए आयोजन समिति के द्वारा वांछित राशि को लेकर नगरवासियों में जबरदस्त चर्चा है. भगवान भोलेनाथ की शिव महापुराण कथा सावन महीने के पावन पवित्र माह में आयोजित हो रहा है लेकिन आयोजन समिति और उससे जुड़े कुछ विवादित लोगों के कारण यह आयोजन दिशाहीन होने को है. बड़ी बात यह है कि कथा आयोजन के नाम पर अलग अलग जो राशि तय की गई है, वह शिव भक्तों को रास नहीं आ रहा है और इन बातों को लेकर दबे जुबान ही सही जमकर आलोचना हो रही है. खासकर महिलाएं जो भगवान शिव और पंडित प्रदीप मिश्रा के अनन्य अनुयाई है, उनका मोह भी भंग होता नजर आ रहा है. हमारा उद्देश्य ना तो आयोजन को डाइवर्ट करना है और ना ही कथा में या आयोजन में कोई बाधा उत्पन्न करना लेकिन कथा के नाम पर जिस प्रकार से पैसों का खेल खेला जा रहा है वह बेहद निंदनीय है. जिस प्रकार से धर्म के नाम पर पैसों की उगाही की जा रही है, वह सरासर गलत है, फिर चाहे कलश यात्रा के नाम पर हो या कथा में आगे स्थान देने के नाम पर हो.

शहरवासियों में चर्चा और मिली जानकारी के अनुसार कथा आयोजन में शामिल होने से लेकर निकलने तक का रेट फिक्स है. जानकारी के अनुसार संबंधित महिलाओं ने बताया कि कथा में कलश यात्रा का बहुत अधिक महत्व है और यह सीधे हमारी आस्था से जुड़ा हुआ है लेकिन इसके लिए आयोजन समिति के द्वारा कलश यात्रा में शामिल होने के लिए 500 की राशि ली जा रही है, जो काफी ज्यादा है. इस बात को लेकर महिलाओं में जिनका भोले बाबा पर अटूट विश्वास है, वे काफी निराश हैं और राशि की व्यवस्था नहीं होने के चलते हुए अपने आप को अछूता महसूस कर रहे हैं. शहर में शिव महापुराण के आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएँ कलश यात्रा में शामिल होने के लिए उत्सुक थी किन्तु पैसे की मांग के चलते वे अपना मन मसोस कर रह गए. वहीं कथा स्थल में हजारों लोगों की उपस्थिति को देखते हुए छोटे-छोटे दुकानदार अपनी भक्ति और आय दोनों को देख रहे हैं और वे भी दुकान लगाना चाहते हैं, इस पर भी आयोजनकर्ता के द्वारा 11000 प्रति दुकान के हिसाब से मांग की जा रही है, इसे लेकर भी छोटे दुकानदारों में काफी नाराजगी है और आयोजन समिति के लोगों कोस रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार कथा पंडाल के अंदर वीवीआइपी, वीआईपी सहित अन्य कैटेगरी के तहत कथा सुनने के लिए भी राशि की डिमांड की जा रही है. इन सभी मामलों को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति नगरवासियों



का जबरदस्त आक्रोश दिख रहा है और ऐसे आयोजकों के कारण प्रसिद्ध विख्यात कथाकार भागवत आचार्य असमंजस में होते हैं, वहीं धर्म को लेकर भी अनेक प्रकार की चर्चा का बाजार गर्म रहता है, जो भक्तों के जहन और मानसिकता पर विपरीत असर डालती है.

### विरोध में दिखाया पोस्टर :

कथा आयोजन और आयोजक को लेकर बहुत सी बातें उजागर हो रही है. पहले कलश यात्रा और दुकानों सहित बैठक व्यवस्था में राशि लेने की बात सामने आई. अब कलश यात्रा के दौरान एक युवक आयोजक की फोटो वाली पोस्टर लेकर बीच सडक़ में उतर गया और धोखाधड़ी और पैसे वापस नहीं देने के मामले में शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज किया. किलापारा निवासी लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि आयोजन में फोटोग्राफी के लिए मुझे तय किया गया था जिसके मैंने बाद भूमिपूजन का कार्यक्रम में फोटोग्राफी से कार्य प्रारंभ किया था और सारा डेटा, फोटो और वीडियो आयोजनकर्ता को समय पर दे दिया था और आगे कार्यक्रम की तैयारी में लग गया था, किंतु आयोजन के नजदीक आते आते आयोजक प्रवीण रामटेके ने फोन उठाना बंद कर दिया और तय की गई राशि का भुगतान नहीं कर धोखाधड़ी किया. उनके आर्डर के हिसाब अपने सहयोगियों को 30 हजार रुपए अपना पैसा लगाकर बुक किया. जिसके बाद कई बार प्रवीण को कॉल किया, वाट्सएप में मैसेज किया लेकिन उनके तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखी और मुझे बगैर जानकारी के आर्डर कैंसल कर दिया, जिससे मुझे काफी नुकसान हुआ है

### कथा स्थल में प्रथम दिवस भारी अव्यवस्था, पहुंच मार्ग बदहाल :

वन विभाग के नर्सरी प्रांगण में कथा स्थल बनाया गया है वहां प्रारंभ दिवस में ही भारी अव्यवस्था दिखाई दी. इधर कलश यात्रा साकेतधाम से प्रारंभ हुई और उधर डोम तैयार किया जा रहा था. मौके पर व्यासपीठ के समीप भारी कीचड़ और भक्तों के बैठने की जगह में भी पानी भरा हुआ है, डोम से पानी टपक रहा है. इतना ही नहीं पहुंच मार्ग भी बदहाल है. नर्सरी के पीछे कथा स्थल तक पहुंचने जहां मेनगेट बनाया गया है, वहाँ भारी कीचड़ है और आना-जाना भक्तों के लिए मुश्किल हो रहा है. वहीं दूसरी ओर शहरवासी हरिओम नगर के पीछे के रास्ते से आना चाहेंगे तो भी उन्हें कीचड़ से लथपथ होना पड़ेगा. वहीं जिस प्रकार से राशि लेकर दुकानें दी गई, वहां भी कोई व्यवस्था नहीं है और ना ही साफसफाई की गई. 52 एकड़ में घने सागौन पेड़ पौधों के कारण जहरीले कीड़े मकोड़े और साँप बिच्छु का आना तय है, ऐसे में यदि कोई अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा?



### पूरे अंचल से सहयोग तो एक आयोजनकर्ता कैसे ? :

ऐसा नहीं है कि शहर में धार्मिक आयोजन पहली बार हो रहा है, इससे पहले भी अनेक बड़े धार्मिक आयोजनों को शहरवासियों और अंचल के लोगों से सहयोग लेकर काफी सहजता से सम्पन्न कराया गया है. इस आयोजन के लिए भी पूरे शहरवासियों सहित ग्रामीण अंचलों से भरपूर सहयोग मिल रहा है और लोग अपनी श्रद्धानुसार इस आयोजन के लिए सहयोग कर रहे हैं किन्तु इस पूरे आयोजन में एक आयोजनकर्ता प्रवीण रामटेके व्दारा किये जाने का प्रचार प्रसार का काफी रोष देखा जा रहा है. हॉलाकि कोई भी सामने आने को तैयार नहीं हैं किन्तु इस विषय को लेकर भी शहर में काफी चर्चा और नाराजगी है. आयोजनकर्ता प्रवीण रामटेके ने बताया कि उन्हें प्रारंभ में ही समय पर उपस्थित आदि को लेकर कुछ दिक्कतें थी जिसके बाद उनका आर्डर कैंसल कर दूसरे को काम दिया गया है, उन्हें पहले ही कह दिया गया है कि उनका जो नुकसान हुआ है उसे दिया जाएगा फिर भी वे समझ नहीं पा रहे हैं. जहाँ तक कलश यात्रा में ली गई राशि का विषय है, तो अच्छी व्यवस्था देने के लिए यह राशि लिया गया और आयोजन में बड़े सहयोगियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है.

# कलेक्टर ने नगर में निर्माणधीन कार्यो का किया औचक निरीक्षण

## अपूर्ण काम एवं निर्माण की धीमी गति को लेकर नगर पंचायत को लगाई फटकार , समय सीमा के अंदर कार्यो को पूर्ण करने का निर्देश

### अप्रारंभ कार्यो को जल्द प्रारंभ करने का निर्देश
### नगर अध्यक्ष के साथ निकाय के प्रस्तावित एवं प्रगतिरत कार्यो का किया निरीक्षण

**अंबागढ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी की कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिले के एक मात्र नगरीय निकाय के विकास कार्यो से जुडे अप्रारंभ, अपूर्ण एवं प्रस्तावित विकास कार्यो का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जंहा अपूर्ण कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया, वही प्रस्तावित विकास कार्यो को लेकर भी मार्गदर्शन दिया।

नए जिले की कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने आज अंबागढ चौकी ब्लाक मुख्यालय के शासकीय कार्यालयो का औचक निरीक्षण किया। बुधवार को अंबागढ चौकी नगर पहुची कलेक्टर ने सबसे पहले नया हास्पिटल जाने के लिए 50 लाख की लागत में राजीव गांधी चौक से सीएचसी तक बनाए जा रहे सीसी सडक का निरीक्षण किया। उन्होने कार्य की धीमी गति को लेकर नगर पंचायत को फटकार लगाई। यह सडक एकलव्य स्कूल के आहाता के पास आकर रूकी हुई है। कलेक्टर ने यंहा पर निर्माण कार्य को आगे बढाने के लिए अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम डॉ. हेमेन्द्र भूआर्य, तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, सीईओ प्रियवदा रामटेके, बीईओ एसकें धीवंर एवं विभीन्न विभागो के अधिकारीगण उपस्थित थे।



**स्टेडियम निर्माण का भी जायजा लिया**

कलेक्टर ने नगर में 50 लाख की लागत से प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण कार्य का जायजा लिया। यह कार्य को नगर पंचायत अध्यक्ष ने रोक रखा है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कलेक्टर को बताया कि बिना सीमांकन के स्टेडियम निर्माण के लिए आहाता बनाया जा रहा है। यदि सीमांकन किए बगैर स्टेडियम बनाया जाता है तो यंहा शासकीय धनराशि का दुरूपयोग होगा और खिलाडियो का इसका लाभ भी नही मिलेगा तथा स्टेडियम निर्माण का उद्देश्य भी पूर्ण नही हो पाएगा। इसलिए यंहा पर सीमांकन करा कर तथा मैदान के आस पास स्थित राइट आफ बिल्डिंग को हटाकर निर्माण कराया जाता है तो स्टेडियम निर्माण की उपयोगिता सार्थक सिद्ध होगी।

**खेलो इंडिया के तहत ढाई करोड़ का स्टेडियम निर्माण की मांग**

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कलेक्टर से खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत ब्लाक मुख्यालय में ढाई करोड की लागत से सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम निर्माण की मांग रखी। नगर अध्यक्ष ने बताया की शासन ने हर हर ब्लाक व जिला मुख्यालय में खेलो इंडिया के तहत स्टेडियम निर्माण का प्रावधान रखा है। यदि हमे इस योजना के तहत स्टेडियम निर्माण के लिए मंजूरी मिलती है तो इस नगर व विकासखंण्ड के खिलाडी शासन के आभारी रहेंगे। कलेक्टर ने नगर अध्यक्ष को आश्वासन दिया की वे निकाय के माध्यम से एक प्रस्ताव बनाकर भेजे हम यंहा पर इस योजना के अंतर्गत स्टेडियम निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजेंगे।

**नालंदा परिसर का निर्माण के लिए मेरे गांव का प्रस्ताव**

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना नालंदा परिसर के लिए नगर पंचायत द्वारा प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर को बताया की हमने नालंदा परिसर के लिए वार्ड एक मेरेगांव में बालक स्कूल व छात्रावास से लगे रिक्त भूमी का चयन किया है। नगर अध्यक्ष ने बताया की यह स्थान नालंदा परिसर के लिए उर्पयुक्त है। क्योकि यह जमीन सडक किनारे है इसलिए आवागमन कीी दृष्टि से सुगम है और यंहा पर कन्या शिक्षा परिसर व बालक उमा शाला के 5 सौ से अधिक विद्यार्थियो की आवाजाही है। छात्र छात्राओ के अध्यन अध्यापन के लिए यंहा पर नालंदा परिसर बनाया जाना सभी दृष्टि से हितकारी होगा। कलेक्टर ने भी प्रस्तावित स्थल को नालंदा परिसर के लिए उचित बताया।

**नगर पंचायत के इंटेकवेल के लिए भूअर्जन होगा**

नगर पंचायत के जलआवर्द्धन योजना के तहत इंटकवेल का काम 5 वर्षो से भूअर्जन नही होने के कारण रूका हुआ है। कलेक्टर ने निकाय द्वारा इंटेकवेल निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का भी जायजा लिया। नगर पंचाायत अध्यक्ष ने बताया की नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने यंहा जल आवर्द्धन योजना के लिए पहले 8 करोड की राशि मंजूरी दी थी। जो अब बढकर 11 करोड से अधिक हो गई है। अध्यक्ष ने बताया की डब्लूटीपी का काम प्रगति पर है और 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण भी हो गया है। लेकिन इंटकवेल नही बनाए जाने से शासन की 5 करोड से अधिक की राशि व्यर्थ में बर्बाद हो जाएगी। इसलिए इंटेकवेल का निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल में आ रही एक निजी कृशक का भूअर्जन किया जाना अनिवार्य है। मुआवजा की माांग के कारण भूअर्जन का कार्य रूका हुआ है। यदि भूअर्जन नही हुआ तो षासन को न केवल करोडो की क्षति होगी बल्कि नगर में जल आर्वद्धन योजना का लाभ मिलना मुश्किल हो जाएगा। क्योकि इंटेकवेल एनीकट के आस पास स्थित बनाया जाना आवश्यक है। यदि स्थान परिवर्तन कर अन्यत्र स्थल ले जाने पर इसका खर्च और भी बढ जाएगा। कलेक्टर ने निकाय के अधिकारियो को इस संदर्भ में जिला कार्यालय एवं शासन को वास्तुस्थिती के संदर्भ में प्रस्ताव भेजने को निर्देषित किया।

**प्राकृतिक बहाव वाले स्थल में ही एसटीपी निर्माण का निर्देश**

नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने हर नगरीय निकाय में नालियो के पानी को उपचारित कर इसे डिस्पोजल करने का निर्देश दिया है। इसके लिए सभी निकाय में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का निर्देश दिया हुआ है। नगर पंचायत में यह कार्य महिनो से स्थल चयन के अभाव में लंबित है।

# मुस्कुराइए कि आप आंगनबाड़ी केंद्र में हैं..

## नन्हे बच्चे देश का भविष्य, उम्मीद और आशाओं के दीप...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नन्हे बच्चे देश का भविष्य हैं, उम्मीद और आशाओं के दीप हैं। जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 भोथीपार खुर्द, सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 सिंघोला एवं सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 भोथीपार खुर्द में बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जा रही है। ये आंगनबाड़ी केंद्र बौद्धिक ज्ञान का केन्द्र बन गए हैं और नन्हे बच्चों के लिए प्ले स्कूल व प्री-नर्सरी की तरह है। बच्चों को अक्षर ज्ञान के साथ ही, कविताएं व विविध तरह जानकारी दी जा रही है। दीवारों पर बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि लाने के लिए सुंदर पेंटिंग उकेरी गई हैं। बच्चों ने आलू कचालू बेटा कहां गए थे.., जैसे कविताएं एवं गीत याद कर लिए हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्र जितनी अच्छी वजन की रेखा, उतना अच्छा बच्चा देखा, आंगनबाड़ी का सच्चा ज्ञान लड़का-लड़की एक समान जैसे संदेश देकर जनसामान्य में जागरूकता ला रहे हैं। गर्भवती माताओं के लिए पौष्टिक आहार, गर्भावस्था सुनहरे दिन एवं इस दौरान देखभाल, आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि जिले में शासन की पूरक पोषण आहार, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है तथा गर्भवती माताओं को गरम भोजन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आंगनबाड़ी के किचन रूम, स्टोर रूप में नियमित साफ-सफाई की जा रही है। बच्चे सीखने के लिए सक्रिय रहते है। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 भोथीपार खुर्द में दीवार पर मोर जन्म दिन के लिए एक अलग से कैलेण्डर बनाया गया है, ताकि बच्चों का जन्मदिवस याद रखते हुए मनाया जा सके। वहां बच्चों के लिए खेल घर एवं अन्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक भोथीपार खुर्द-3, एवं सिंघोला में बच्चों के शिक्षण एवं भोजन की अच्छी व्यवस्था की गई है।



# शाला घोरदा में नया अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमि पूजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत घोरदा के शासकीय प्राथमिक शाला घोरदा में नया अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमि पूजन पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों द्वारा किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत घोरदा के सरपंच सूर्यकांत साहू , उपसरपंच राकेश साहू एवं ग्राम पटेल पवन श्रीवास , भुवन लाल साहू एवं समस्त वार्ड पंचगण प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक हर्षलता राजपूत मैडम,शिक्षक टेमरे सर, ग्रामीण मिलाप महिलकर, ,खोम लाल निषाद उपस्थित रहे।



# राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र को मिली शहरी विकास की सौगात लगभग 63 करोड़ 65 लाख से अधिक की स्वीकृत योजनाओं से बदलेगा नगरों का स्वरूप

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह के अथक प्रयासों से राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के नगर क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे क्षेत्र की अधोसंरचना सुदृढ़ होगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह जानकारी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी द्वारा विधायक डॉ. रमन सिंह जी को पत्र के माध्यम से दी गई है। स्वीकृत योजनाओं में मुख्य रूप से राजनांदगांव नगर पालिका परिषद, नगरीय क्षेत्रांतर्गत में शामिल है। इन कार्यों में 19 करोड़ 96 लाख से अधिक की लागत से स्टेट स्कूल परिसर में 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण, 14 करोड़ 69 लाख की लागत से गंज चौक से कन्हापुरी तक सड़क चौड़ीकरण, 11 करोड़ 42 लाख की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग जोन परिसर निर्माण, 6 करोड़ 58 लाख की लागत से मोहरा फिल्टर प्लांट से गंज चौक एवं नंदई चौक से इंदिरा टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाइप लाइन विस्तार कार्य, 5 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड, लाइट एवं पानी की व्यवस्था, 2 करोड़ की लागत से पेंड्री मुक्तिधाम से अस्पताल तक सड़क, 3 करोड़ 50 लाख की लागत से नारककंधर नाला से जिला अस्पताल तक नाला निर्माण, 50 लाख की लागत से ऑडिटोरियम की मरम्मत कार्य शामिल है। इस प्रकार कुल 63 करोड़ 65 लाख से अधिक के विकास कार्यों को राजनंदगांव में स्वीकृति मिली है। डॉ. रमन सिंह जी ने इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी के प्रति विशेष धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह विकास कार्य क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे न केवल नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा, बल्कि शहरी क्षेत्रों में बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की भी पूर्ति होगी।

**शुभांक**

**1-3-7**

**138-2 189-8**

**भाग्यांक**

**368-7 150-6**

# लोकार्पण नहीं नहीं होने से आवारा पशुओं का अड्डा बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** करोड़ों रुपए की लागत से जन सुविधा एवं लोगों के इलाज के लिए तैयार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान। बनकर तैयार हुए महीना बीत गए प्रशासन की निष्कृता की वजह से लोकार्पण नहीं हो पाने की वजह से आवारा पशुओं के गंदगी करने का अड्डा बन गया है ।चौकीदार के अभाव में करोड़ मे बना हुआ अस्पताल असामाजिक तत्वों का नशा करने का अड्डा बन चुका है 50 बिस्तर का बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए जीवन रेखा बनने वाला है ।पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं सुलभ वातावरण अस्पताल के महत्व को और बढ़ा दिया है ।दुर्भाग्य जनप्रतिनिधियों का इस और ध्यान नहीं दे पाना ।क्षेत्रवासियों नवनिर्माण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान का शीघ्र ही लोकार्पण की मांग की है। जिससे मरीज का उचित इलाज हो सके और लोगो को लाभ मिले।



# दिग्विजय महाविद्यालय के विकास एवं छात्र सुविधा पर होगा विशेष ध्यान - अतुल रायजादा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक दिनांक 16/07/2025 को समिति के अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा तथा उपाध्यक्ष श्री खेमलाल वर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव का तथा महाविद्यालय के अधिकारियों द्वारा जनभागीदारी सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा जनभागीदारी मद के आय व्यय तथा महाविद्यालय की मुलभूत जानकारी के संबंध में सदस्यों को जानकारी दी गई। उन्होने समिति के समक्ष कार्यालय के सामने अधूरे निर्माण कार्य पूर्णता हेतु , हॉस्टल में ब्ब्ज्ट ब्ंउमतं , छात्रवृत्ति शाखा के सामने पेबर टाईल्स , रसायन शास्त्र विभाग में केमिकल वेस्ट हेतु सोख पीट निर्माण, टंकी सफाई, बालक छात्रावास हेतु फर्निचर , छब्ब् त्व्ड त्मचंपतपदह आदि के संबंध में प्रस्ताव रखा । जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा ने महाविद्यालय में कक्षों की कमी को देखते हुए कक्ष निर्माण की आवश्यकता , बालक छात्रावास प्रारंभ करने हेतु प्रयास , दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु सुविधाओं, विद्यार्थियों तक समस्त जानकारियों की पहुंच आदि विषयों पर अपनी बात रखी। सभी प्रस्तावों पर चर्चा की गयी एवं महाविद्यालय के विकास एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्यों को उपरोक्त प्रस्ताव का समर्थन किया। अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा ने बैठक में कहा कि महाविद्यालय का विकास हम सभी का दायित्व है और हमारे सभी सम्मानीय सदस्य किसी न किसी क्षेत्र से जुड़े हुए है अत: हम सभी का सामूहिक प्रयास ही महाविद्यालय को उच्च शिखर की ओर ले जा सकता है। बैठक में जनभागीदारी समिति के उपाध्यक्ष श्री खेमलाल वर्मा अनुविभागीय अधिकारी सदस्य श्रीमती मंजूषा बाजपेयी, श्रीमती बसंती देशलहरे, उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ. शैलेन्द्र सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक डॉ. अमिता बख्शी ने दिया।



# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन..

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन विकास खंड डोंगरगांव के द्वारा मोदी की गारंटी के तहत अपनी 11 सूत्रीय मांगों को ले कर विकास खंड डोंगरगांव के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी एकता का परिचय देते हुए अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। यह कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने हेतु संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांगी गई थी जिसमें भरोसा करके सभी अधिकारी कर्मचारियों ने उक्त पार्टी को अपना पूरा समर्थन दिया,किंतु आज पार्टी को शासन में आए सत्रह माह बीत चुके हैं फिर भी कर्मचारियों की एक भी मांगे पूरी नहीं हुई है यह खेद का विषय है।इसी प्रकार से पिछली सरकार ने भी किया था हमारी छ.. की एरियर्स राशि न दे कर सभी अधिकारी कर्मचारी को निराश किया था जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा तथा सत्ता से हाथ धोना पड़ा।वर्तमान सरकार से हम सभी अधिकारी कर्मचारी ध्यान आकर्षण करना चाहते हैं हमारी प्रमुख मांगों पर विचार करते हुए अतिशीघ्र पूरा करे । मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में 22 अगस्त 2025 को एक दिवसीय जिलास्तरीय कलम बंद हड़ताल निश्चित हो चुकी है।.....प्रमुख मांगे इस प्रकार है...1. केंद्र के समान छ.. देय तिथि से दिया जाय। तथा एरियर्स की राशि को जी.पी. एफखाते में डाला जावे। इसके अलावा और 10 प्रमुख मांगे हैं।ज्ञापन सौंपने में सभी संघों के पदाधिकारी एवं सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# लोहाणा महाजन कारोबारी समिति का गठन...



**राजनांदगांव।** विगत दिनों श्री लोहाणा महाजन वाड़ी में सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से राज.लोहाणा महाजन की नई कारोबारी समिति का गठन आगामी तीन वर्ष हेतु किया गया, श्री भरत भाई जोबनपुत्रा लोहाणा महाजन के अध्यक्ष तथा योगेश भाई एल.कोटक सचिव निर्वाचित हुए, उपाध्यक्ष श्री अनिल भाई उन्नडकट,मनीष भाई साहिता, रितेश भाई लाल को चुना गया, कोषाध्यक्ष दिनेश भाई साहिता साथ ही सहसचिव नीलेश भाई जोबनपुत्रा,प्रचार प्रसार प्रमुख ललित भाई ठक्कर बने। कारोबारी समिति में लोहाणा महाजन के प्रमुख सलाहकार के रूप में रमेश भाई सोनछात्रा, हिम्मत भाई लाल,दीपक भाई बुद्धदेव,नाथा भाई रायचा, जगदीश भाई कोटक (ज्ञाति रत्न) प्रवीण भाई काथराणी ( महापरिषद सभ्य), चंद्रकांत भाई चतवाणी,प्रमोद भाई सोनछात्रा,नरेश भाई तन्ना रहेंगे। विशेष आमंत्रित सदस्यों में गिरीश भाई ठक्कर दिलीप भाई पुजारा,दिलीप भाई आढ़तिया,धीरू भाई रायचा, घनश्याम भाई लाल भरत भाई काथराणी,दिलीप भाई नगदिया, राजू भाई बुद्धदेव,अरविंद भाई खख्खर,कमलेश भाई भोजाणी, शैलेश भाई बुद्धदेव हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में महेश भाई रायचा,प्रमोद भाई कोठारी अजय भाई गणात्रा,प्रवीण भाई कोठारी,सूरज भाई बुद्धदेव,कीर्ति भाई भोजाणी,नीलेश भाई रायचा,जितेंद्र भाई काथराणी, कमलेश भाई बुद्धदेव संजय भाई रूपारेल,अतुल भाई रायचा, प्रयाग भाई चतवाणी,उमेश भाई घट्टा,शैलेश भाई गणात्रा लितेश भाई राजा दर्पण भाई बुद्धदेव, कमलेश भाई खख्खर,नारायण भाई कक्कड़ राजू भाई नगदिया बंटी भाई लाल,दिगेश भाई भीमजीयाणी एवं ललित भाई नथवाणी शामिल हैं।

# सुब्रतो कप फुटबाल टूर्नामेंट सम्पन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट एक प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट है जो नई दिल्ली, भारत में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता हैबी। जिसकी शुरुआत 1960 में हुई थी। इस फुटबॉल खेल के प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिस स्कूल से टीम बनती है और वही टीम विजय प्राप्त करते हुए विभिन्न स्तरों पर आगे खेलते जाते हैं । किसी स्तर में पराजित होने पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाते हैं। डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के खिलाड़ियों ने कोच व मैनेजर के कुशल नेतृत्व में बालक वर्ग अंडर-15 का मैच खेलते हुए जगदलपुर (बस्तर) में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो चुके हैं। दिनांक 15 जुलाई 2025, दुर्ग में संभाग स्तरीय टूर्नामेंट में बालक वर्ग अंडर-15 का फाइनल मैच राजनांदगांव और बालोद के मध्य खेला गया। जिसमें राजनांदगांव ने 3-1 अंको से मैच जीतकर संभाग स्तरीय सुब्रतो कप मैच अपने नाम किया। डोंगरगांव ब्लॉक का नाम रोशन करने वाले फुटबॉल सुब्रतो कप टीम के खिलाड़ी हैं - डिगेश्वर, धनंजय, पुष्कर, टुमेश्वर, डामेश्वर, नैन प्रकाश, चिराग, रोहन यादव, मनीष, माधव सिंह, एवन कुमार, अमन व रुपेश। टीम के कोच भूपेश कुमार यदु और टीम मैनेजर अनिल कुमार पटेल इन व्यायाम शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व सहयोग से सभी खिलाड़ी बच्चों ने मैच में अपना शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़इंडिया और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में होने वाले इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमारे फुटबॉल टीम का चयन होने पर, राजनांदगांव जिले के सभी खेल प्रेमियों ने इन कोच, मैनेजर और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई है।


## नाम परिवर्तन

मैं मानबाई नेताम पति दयाराम नेताम जाति गोड़ निवासी ग्राम गुंगेरी नवागांव, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे भू राजस्व रिकार्ड मे मेरा गणेशिया बाई पिता उदेराम दर्ज है। जिसे सुधार कर सही नाम मानबाई नेताम पिता उदेराम दर्ज किया जावे। एवं मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम मानबाई नेताम पति उदेराम नेताम दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर सही नाम मानबाई नेताम पति दयाराम नेताम दर्ज किया जावे।

**मानबाई नेताम**
**पति दयाराम नेताम**
**ग्राम गुंगेरी नवागांव,**
**तहसील-डोंगरगांव,**
**जिला-राजनांदगांव**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम व स्वामित्व की भूमि ग्राम-करियाटोला, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव में स्थित है जिसके राजस्व अभिलेख में मेरा नाम मालती बाई पिता छन्नू लाल दर्ज है जो कि मेरे पूर्व का नाम है वर्तमान में मेरा नाम भारती बाई पति-केजराम, ग्राम-गठुला (बोरी), तहसील / जिला राजनांदगांव छ.ग. है जो कि आधार कार्ड क्रमांक 7426 9016 0767 में दर्ज है एवं इसी नाम से जानी व पहचानी जाती है ।

**भारती बाई**
**पति-केजराम**
**ग्राम-गठुला (बोरी)**
**तहसील/जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं सरस्वती वर्मा पति राम सहाय वर्मा निवासी ग्राम भानपुरी पो. मुराराकला थाना डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं एव मेरे आधार कार्ड, बैंक पास बुक, मतदान परिचय पत्र में नाम सतीबाई वर्मा (Satibai Verma) पति राम सहाय वर्मा अंकित हैं जिसे मैं नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम सरस्वती वर्मा (SARASVATI VERMA) पति स्व. राम सहाय वर्मा (Ram Shay Verma) के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

**भवदीय**
**सरस्वती वर्मा**
पति राम सहाय वर्मा
**निवासी ग्राम भानपुरी पो. मुराराकला**
**तहसील डोंगरगढ़**
**जिला-राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़**
**जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई(छ.ग.)**

**- ईश्तहार:-**

रा.मा.क्र.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुलापा बाई आ. सेवकराम निवासी शहर / ग्राम तुलसीपुर प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/माता/पिता/अन्य स्व. मानबाई आ स्व. भादुराम के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक के 20/12/2013 को स्थान तुलसीपुर पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 23/07/2025 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 16/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक:- 16/07/2025**
**सुनवाई दिनांक:- 23/07/2025**

**सील** **कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़**

## ज्ञान मंथन

1) 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों की मेजबानी कौन सा देश करेगा?
2) किसने स्वरेल सुपर ऐप का शुभारंभ किया?
3) किस अंतरिक्ष संगठन ने यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च किया है?
4) भारत में सुशासन दिवस किस दिन मनाया जाता है?
5) मृच्छकटिका एक प्राचीन भारतीय पुस्तक है जिसे शूद्रक ने लिखा था। यह किस विषय पर आधारित है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) चीन (2) भारतीय रेलवे (3) नासा (4) 25 दिसंबर (5) एक अमीर व्यापारी का एक गणिका की बेटी के साथ प्रेम संबंध

# सरपंचों व सीईओं की जानकारी के बगैर पंचायतों में सप्लाई कर दी गई स्वच्छता सामग्री





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आनें वाली 102 ग्राम पंचायतों में सरपंचों की जानकारी के बगैर स्वच्छता सामग्री की सप्लाई करनें का मामला सामनें आया है। गजब की बात तो यह है कि इसकी जानकारी जनपद सीईओं को भी नहीं है। सप्लाई के बाद अब प्रत्येक पंचायतों को 12 हजार दो सौ रुपये भुगतान करनें का दबाव बनाया जा रहा है। मामलें की जानकारी लगनें के बाद मंगलवार को जनपद सभागृह में हुए सामान्य सभा की बैठक में क्षेत्र क्रमांक 8 की जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव ने यह मुद्दा उठाया। लेकिन इस पर भी राजनीति हो गई। कांग्रेस के केवल चार जनपद सदस्यों को छोड़कर कांग्रेस समर्थित अन्य जनपद सदस्य इस विषय पर चुप्पी साधे रहे। एक तरह से भाजपा को समर्थन देते दिखें। इसके बाद बैठक छोड़कर प्रीति वैष्णव ने प्रेस वार्ता ली और घोटालें को सामनें रखा। न्यू रेस्ट हाउस में कांग्रेस की जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव, गुलशन लिल्हारे, मंजू वर्मा व अहिल्या बाई कंवर ने आरोप लगातें हुए बताया कि कुछ दिनों पूर्व ग्राम पंचायतों में एक गाड़ी पहुंची जिसमें फिनायल, डस्टबिन, प्लास्टिक बाल्टी, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य सफाई की सामग्री थी। सरपंच द्वारा पूछनें पर किसी तरह की जानकारी सप्लायर ने नहीं दी। सिर्फ इतना ही कहा गया कि ऊपर से आदेश है, हमें सभी पंचायतों में छोड़ना है। अब सचिवों पर मौखिक रूप से इन्हीं सामग्रियों का बिल निकालनें का दबाव बनाया जा रहा है।

**सीईओं ने बैठक में इस तरह की जानकारी से कर दिया इंकार-** सामान्य सभा की बैठक में यह विषय शामिल नहीं था। लेकिन प्रीति वैष्णव के संज्ञान में आनें के बाद उन्होंनें इसे रखा। तब बैठक में जनपद सीईओं भगवती साहू ने ऐसी किसी तरह की सामग्री जनपद पंचायत द्वारा भेजनें से साफ इंकार कर दिया गया। वहीं सदस्य प्रीति ने बताया कि सुशासन तिहार शिविर के नाम पर प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 5-7 हजार रुपये मांगे जा रहे है। जबकि 10-12 पंचायतों का कलस्टर बनाकर शिविर आयोजित हुए थे। इसके बाद भी सभी पंचायतों पर दबाव बनाया जा रहा है।

**विरोध में बंट गए कांग्रेस के जनपद सदस्य, समर्थन देते दिखें-** ग्राम पंचायतों में बगैर जानकारी के स्वच्छता सामग्री सप्लाई व सुशासन तिहार शिविर के भुगतान के विषय पर कांग्रेस के जनपद सदस्य दो धड़े में बंट गए। जहां चार जनपद सदस्य विरोध में थे। तो वहीं जनपद सदस्य व युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश सेन, जनपद सदस्य मनहरण सिन्हा सहित अन्य दो सदस्य इस विषय पर भाजपा को समर्थन देते दिखें। वे प्रेस वार्ता से दूर रहे और बैठक में ही बैठे रहे। यानी विपक्ष ही विरोध के विषय पर सत्ता पक्ष को दबी जुबान समर्थन दे दिया। डोंगरगढ़ जनपद में कांग्रेस समर्थित आठ सदस्य है। इनमें से केवल चार ही विपक्षी तेवर में नजर आएं।

**कृषि विभाग द्वारा बांटे गए सोयाबीन व धान बीज गुणवत्ताहीन-** सदस्य प्रीति ने आरोप लगाया कि गांवों में कृषि विभाग द्वारा सोयाबीन व धान बीज का वितरण किसानों को किया गया है। किंतु घटिया क्वालिटी की बीज अंकुरित नहीं हुई। जिसके चलतें किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं खाद की समस्या लगातार बनी हुई है। जनपद सीईओं भगवती साहू ने बताया कि पंचायतों में स्वच्छता सामग्री किसके द्वारा सप्लाई की गई है इसकी जानकारी मुझें नहीं है। अभी तक किसी भी पंचायत में फर्म का बिल भी नहीं मिला है। सुशासन तिहार शिविर के बिल भुगतान का आदेश मेरे द्वारा नहीं दिया गया है।

## खाद की समस्या को लेकर युवा कांग्रेस का आज नेशनल हाईवे में चक्काजाम

**छुरिया( नांदगांव टाइम्स )।** क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति में खाद की भारी मात्रा में कमी होने से किसानों को खेती किसानी कार्य में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । किसानी कार्य में धान की बुवाई हो चुकी है, रोपा लगाने का काम भी शुरू हो चुका है लेकिन अभी तक सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पाया है । किसानों की समस्या को देखते हुए युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में क्षेत्र के किसान आज गुरूवार को नेशनल हाईवे चिचोला मार्ग में चक्काजाम कर शासन प्रशासन से किसानों को शीघ्र खाद उपलब्ध कराने की मांग करेंगे । उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पूर्व खुज्जी विधान सभा युवा काग्रेस अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने क्षेत्र के किसानों एवं युवा कांग्रेसियों के साथ स्थानीय कृषि विस्तार अधिकारी से खाद उपलब्ध कराने के संबंध में लिखित ज्ञापन सौंपकर सेवा सहकारी समितियों में शीघ्र ही सभी प्रकार के खाद पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने की मांग रखी थी । लेकिन उसके बाद भी किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है । जिससे किसानों के समक्ष खेती किसानी कार्य में संकट उत्पन्न हो गया है । इससे किसानों में राज्य सरकार के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है । इसी के चलते युवा कांग्रेस एवं क्षेत्र के किसान अपनी मांगों को लेकर आज गुरूवार को नेशनल हाइवे में चक्काजाम करेंगे ।

## भावी पीढ़ी के चेतना विकास व जनउत्थान हेतु मार्ग प्रशस्त करने ग्राम अर्जुनी में कबीर विचार मंच का हुआ गठन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अर्जुनी कबीर कुटी परिसर पर बने साहू समाज के नवीन भवन में पारखनिष्ठ संत सम्राट कबीर जी के बताए मार्ग में चलते हुए एवम वर्तमान समय में आधुनिकता के समावेश होने के कारण दुर्गुणों व स्व की भावना को मनमानस से दूर कर भावी पीढ़ी के उत्थान व जनकल्याण की दिशा में प्रयास हेतु कबीर विचार मंच के पदाधिकारियों का गठन किया गया ।कबीर विचार मंच के मनोनित संगठन मंत्री लविंद्र साव ने बताया कि युगदृष्टा लोकनायक संत सम्राट कबीर जी सदैव से ही झूठे आडंबरो के पर कटाक्ष और सामाजिक कुरीतियों के खंडन के विरोध में बीजक के माध्यम से साखी शब्द और रमैनी को अपना अस्त्र बनाकर हजारों वर्ष पूर्व जन-जागरण करने का बीड़ा उठाए थे ।उनकी कही गई हर बाते विकसित और सुसंस्कारित समाज की सार्थकता को प्रकट करता है ।कबीर विचार मंच के पदाधिकारी के रूप में संरक्षक चेतन दास साहू,पूर्ण किशोर साहू,चेतन साहू शिक्षक व इतवारी साहू तथा सलाहकार के रूप में देवदास साहू,अध्यक्ष मोरध्वज साहू,उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू,सचिव धन्नू साहू,संगठन मंत्री लविंद्र साव,कोषाध्यक्ष सेवक साहू,सहसचिव धर्मेंद्र साहू,उपकोषाध्यक्ष यशवंत साहू,युवा प्रकोष्ठ संयोजक पुष्पेंद्र साहू,मीडिया प्रभारी लुकेश्वर और विनय साहू और कार्यकारणी में महेश साहू,पूनम साहू,केवल साहू सहित युवाओं को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया,साथ ही सदस्यता अभियान में स्वेच्छिक भागीदारी के साथ-साथ सात्विक खान-पान व रहन सहन आत्मसात करने और नव पीढ़ी युवाओं और बहनों को प्रत्येक मासिक पूर्णिमा संध्यापाठ में सम्मिलित होने के लिए भी प्रेरित किया गया है।

## वर्षों से बंद पड़ी लोकल गाड़ियों के पुनः संचालन पर डोंगरगढ़ स्टेशन परिसर में दैनिक यात्री संघ गाजे बाजे के साथ खुशी मनाई.



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रेलवे स्टेशन में दैनिक रेल यात्री संघ ने लोकल गाड़ियों के पुन: संचालन किए जाने की खुशी मनाई जिसके अंतर्गत उनके द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में गाजे बाजे के साथ प्रात : 8:30 को गोंदिया से रायपुर की और जाने वाली लोकल के ड्राइवर को फुल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया है वहीं उपस्थित सभी यात्रियों का भी मुंह मीठा करवाया। दैनिक रेल यात्री संघ ने इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने के अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय का विशेष आभार व्यक्त किया जिनके प्रयास से यह संभव हो सका। राजनांदगांव,भिलाई एवं रायपुर जाने वाले विद्यार्थी एवं नौकरीपेशा गरीब,मध्यमवर्गीय लोगों को इससे राहत महसूस होगी । दैनिक रेल यात्री संघ ने इस मांग को सही मंच पर पहुंचाने के लिए सांसद प्रतिनिधि



तरुण हथेल,परविंदर सिंह मोंटी का भी सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर दैनिक रेल यात्री संघ के साथीयो के साथ ही दीपक उके,वीरेंद्र मारोती,शिव बोरकर,उत्तम वर्मा एवं शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए ।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता हेतु श्री गुरु नानक शाला के छात्र-छात्राएं चयनित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री गुरु नानक उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में



आयोजित जवाहरलाल नेहरू हॉकी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में बालक वर्ग 15 वर्ष एवं बालक-बालिका वर्ग 17 वर्ष की टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जिला कबीरधाम की टीम को पराजित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित किया है। अब यह चयनित खिलाड़ी आगामी माह जयपुर (दुर्ग ज़ोन) में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार जनरल सिंह भाटिया, प्रो. हरजीत भाटिया, श्रीमती रूबी गरचा सहित समिति के अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही, राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## शहर की दुर्दशा देखते हुए, तत्काल विशेष सम्मेलन बुलाई जावें - पिल्ले

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने हल्की सी मानसूनी बारिश में शहर की बदहाल हुई दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त से जल्द ही विशेष सभा बुलाई जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस हल्की सी बारिश ने शहर की सड़क, बिजली ,पानी साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। शहर का ऐसा कोई सड़क नहीं है जो गड्ढों में तब्दील न हुआ हो। बारिश के दिनों में ज्यादातर वार्डो में अंधेरे का साम्राज्य बना हुआ है। बारिश होने पर शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद भी शहरवासियो को एक टाइम पानी दिया जा रहा। शहर के जगह-जगह स्थानों में कचरे का अंबार देखा जा रहा है। बारिश में नालियों जाम पड़ी हुई है। क्या यही तिबल इंजन वाली सरकार की व्यवस्था है और उसकी इस तरह की कार्यप्रणाली है जिसमें नागरिकों को सही तरीके से मूलभूत सुविधाओं का लाभ न मिल पा रहा हो। नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि निगम द्वारा 1 करोड़ की लाइट खरीदी गई। इसके बाद भी शहर में अंधेरा व्याप्त है। वार्डो में अंधेरे का साम्राज्य बना हुआ है ।गत जून माह में सफाई का पुराना टेंडर समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी नया टेंडर नहीं कराया गया। चरमराई शहर की साफ-सफाई व्यवस्था इससे शहर की सफाई व्यवस्था एक दम से चरमराई हुई है। जगह-जगह कूड़ा-करकट पड़े हुए हैं। लोग प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। बारिश के दिनों में इससे संक्रामक रोग फैल सकता है लेकिन निगम के कर्ता-धर्ताओं को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। श्री पिल्ले ने कहा कि बारिश में जहरीले जीव-जंतु निकलते हैं सड़कों में रौशनी नहीं होने से लोग इन जीव- जंतुओ के काटने का भय बना हुआ हैं।आखिर इन सबकी परवाह कौन करेगा ? उन्होंने कहा कि निगम में नेता प्रति पक्ष होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित न होने पाएं । उन्हें तत्काल उक्त सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए। उक्त हेतु उन्होंने निगम आयुक्त महोदय ध्यान खींचा है और जनता को उक्त सुविधाएं दिलाने जल्द ही विशेष सभा बुलाए जाने की मांग की है। पार्षदगण सतीश मसीह, मुकेश साहू, छोटे-से रामटेके, अमीन हुड्डा, युवराज, गणेश पवार उपस्थित थे।



## मकरनपुर से पेंड्री पहुँच मार्ग जर्जर सड़क को मरम्मत करवाने जिला पंचायत सीईओ और जिला पंचायत अध्यक्ष से मिलकर रखी तत्काल मरम्मत की मांग



**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगाव समीप ग्राम पंचायत खपरीकला के आश्रित ग्राम मकरनपुर से पेंड्री पहुँच मार्ग बहुत ही जर्जर हो गया है जिसके कारण रास्ते से गुजरने वाले सभी लोगो को तकलीफे का सामना करना पड़ता था ।इस मार्ग से स्कूली बच्चे प्रतिदिन माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेण्डरी पढ़ने जाते है परन्तु उक्त मार्ग जर्ज़र होने के कारण जब जब बारिश होती है तब तब बच्चे स्कूल नहीं जा पाते है,इस समस्या को लेकर आज क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा और जनपद उपाध्यक्ष अनीता डीगेन्द्र सिन्हा जी ने ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सीईओ से मिले और समस्या से अवगत कराये। जिला पंचायत सीईओ ने तुरंत संबंधित विभाग से बात कर जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का दिया अश्वासन। साथ में उपस्थित रहे, तिलई मण्डल किसान मोर्चा अध्यक्ष टाकेश सिन्हा,डिगेन्द्र सिन्हा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, यशवंत वर्मा महामंत्री तिलई मण्डल, हरिचंद सिन्हा अध्यक्ष सेवा सह. समिति,भूषण जांगड़े,बिसन साहू, सोनसाय साहू,अशोक सिन्हा, फगु सिन्हा, यूराज अग्रवाल, देवीलाल, मनीष, मोनू अग्रवाल।


## धर्म समाचार....

## सावन में भगवान शिव का करना चाहते हैं रुद्राभिषेक, नोट कीजिए ये खास तिथियां

सावन के पवित्र महीने में शिवलिंग का अभिषेक करके भगवान शिव को प्रसन्न किया जाता है। सावन के सोमवार पूर्णिमा और प्रदोष के दिन रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। रुद्राभिषेक करने से सुख-समृद्धि आरोग्य और ग्रहों की बाधाएं दूर होती हैं। यह रोग दोष और भय को दूर करता है।

सावन का पवित्र महीना चल रहा है, जिसमें शिवलिंग का अभिषेक करके भोलेनाथ के भक्त अपने आराध्य को प्रसन्न करते हैं। रुद्राभिषेक में शिवलिंग पर जल, दूध, घी, शहद और गंगाजल अर्पित किया जाता है। भगवान शिव इससे प्रसन्न होकर भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

सावन के महीने में सोमवार को रुद्राभिषेक किया ही जाता है। मगर, इसके अलावा कुछ और तिथियां हैं, जिसमें रुद्राभिषेक करना महत्वपूर्ण होता है। सावन की पूर्णिमा और प्रदोष के दिन भी रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है। यदि संभव हो, तो ब्राह्मण के द्वारा विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक कराएं।



**रुद्राभिषेक के लाभ**

यदि ऐसा संभव नहीं हो, तो घर पर ही श्रद्धा के साथ ' ? नम: शिवाय' मंत्र का जाप करते हुए अभिषेक करें। इससे भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। रुद्राभिषेक करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है और आरोग्य मिलता है।

इसके अलावा ग्रहों की बाधाएं और परेशानियां दूर होती हैं। रुद्राभिषेक करने से जातक के सभी रोग, दोष और भय दूर होते हैं। संतान की प्राप्ति, शीघ्र विवाह, करियर में सफलता, धन वृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मानसिक शांति आदि के लिए भी रुद्राभिषेक किया जाता है।

**रुद्राभिषेक के लिए शुभ तिथियां**

सावन का दूसरा सोमवार- 21 जुलाई 2025सावन का तीसरा सोमवार- 28 जुलाई 2025 सावन का चौथा सोमवार- 4 अगस्त 2025 सावन का पहला प्रदोष- 22 जुलाई 2025 सावन माह की शिवरात्रि- 23 जुलाई 2025 नाग पंचमी- 29 जुलाई 2025 सावन का दूसरा प्रदोष- 6 अगस्त 2025 सावन पूर्णिमा- 9 अगस्त

**रुद्राभिषेक कब करें और कब नहीं**

शिव योग की तिथि, ब्रह्म मुहूर्त, प्रदोष काल या अमृत काल में रुद्राभिषेक करना उत्तम होता है। सुबह 4.00 बजे से लेकर 5.30 बजे तक का समय ब्रह्म मुहूर्त होता है। वहीं, प्रदोष काल सूर्यास्त के 45 मिनट पहले से लेकर सूर्यास्त के 45 मिनट बाद तक का समय होता है। इसके अलावा राहुकाल के समय कभी भी रुद्राभिषेक नहीं करना चाहिए।

## हरियाली तीज के लिए नोट कीजिए जरूरी सामान की लिस्ट, पढ़िए कैसे करनी है पूजा

हरियाली तीज का व्रत श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह व्रत 26 जुलाई को है। कुंवारी कन्याएं मनचाहा वर पाने और विवाहित महिलाएं अखंड सुहाग के लिए यह व्रत करती हैं। आइए जानते हैं कि पूजा के लिए आपको क्या-क्या जरूरी चीजें चाहिए होंगी।




हरियाली तीज पर शिव-पार्वती की आराधना करने से वैवाहिक जीवन में सुख बना रहता है। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को यह त्योहार मनाया जाता है। इस साल हरियाली तीज का व्रत 26 जुलाई को रखा जाएगा। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है। अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के साथ ही सुख और सौभाग्य की कामना से महिलाएं यह व्रत करती हैं। इस दिन विधिवत पूजन सामग्री के साथ माता पार्वती को सुहाग की चीजें अर्पित की जाती हैं, ताकि उनका आशीर्वाद बना रहे। मान्यता है कि माता पार्वती ने भोलेनाथ को पति के रूप में पाने के लिए इस दिन व्रत किया था। इसी वजह से कुंवारी कन्याएं सोलह श्रृंगार करके शिव-पार्वती की पूजा करती हैं और व्रत रखती हैं, ताकि उन्हें मनचाहा वर मिले। वहीं, विवाहित महिलाएं अखंड सुहाग के लिए यह व्रत करती हैं। आइए जानते हैं कि इस दिन पूजा के लिए क्या चीजें होनी चाहिए। कैसे करनी चाहिए शिव-पार्वती की पूजा... हरियाली तीज के दिन शिव-पार्वती की मिट्टी की मूर्ति लाएं। पूर्व दिशा में एक चौकी के ऊपर उन्हें स्थापित करके गंगाजल से शुद्ध करें। जल से भरा एक कलश सामने रखकर दीपक जलाएं। इसके बाद बेलपत्र, दूर्वा और चावल चढ़ाएं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के प्रयास से मिली राजनांदगांव को विकास की सौगात

## मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री ने राज्य बजट मे दी स्वीकृति, अधोसंरचना मद, मुख्यमंत्री नगरोत्थन एवं सेन्ट्रल लाईब्रेरी योजनांतर्गत शहर में 63 करोड़ रूपये से होगा विकास

**सडक चौडीकरण, पेयजल के लिए पाईप लाईन विस्तार, आडिटोरियम एवं ट्रांसपोर्ट नगर का होगा जीर्णोद्धार, 2000 सीटर नवीन आडिटोरियम तथा विद्यार्थियों के लिए सेन्ट्रल लाईब्रेरी का होगा निर्माण**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के यशस्वी विधायक डॉ रमन सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री रहते विकास की सौगात देकर राजनांदगांव की तस्वीर बदली और अपने क्षेत्र को सजाने व सवारने विधानसभा अध्यक्ष ने अपने इस विधायक काल में नगर निगम राजनांदगांव के इस कार्यकाल के 4 माह मे ही मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी, तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के सहयोग से विभिन्न मद अंतर्गत नगर विकास के लिए 63 करोड रूपये की सौगात दिलाए। विकास कार्य की सौगात दिलाने पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह तथा सौगात देने पर मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय अरूण साव के साथ सहयोग करने पर प्रभारी मंत्री माननीय विजय शर्मा और सांसद माननीय संतोष पाण्डे का आभार जताया है। महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारे यशस्वी विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्री के 15 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ सहित राजनांदगांव की तस्वीर बदली। उन्होंने राजनांदगांव में मेडिकल कालेज, एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम, दिग्विजय स्टेडियम का जीर्णोद्धार कर शहर की तस्वीर बदली और अब छत्तीसगढ विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल में अपने विधायकीय क्षेत्र राजनांदगांव शहर में विकास की प्रक्रिया को आगे बढाते हुए नगरीय निकाय राजनांदगांव के 4 माह के कार्यकाल में ही 63 करोड रूपये की सौगात दिलाए। महापौर श्री यादव ने कहा कि डॉक्टर साहब की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी ने एवं नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय अरूण साव जी ने राज्य बजट में अधोसंरचना मद, मुख्यमंत्री नगरोत्थान एवं सेन्ट्रल लाईब्ररी योजनांतर्गत 19 करोड़ 96 लाख से अधिक की लागत से 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण, 14 करोड़ 69 लाख की लागत से गंज चौक से कन्हापुरी तक सड़क चौड़ीकरण, 11 करोड़ 42 लाख की लागत से सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग जोन परिसर (500 सीटर) निर्माण, 6 करोड़ 58 लाख की लागत से मोहरा फिल्टर प्लांट से गंज चौक एवं नंदई चौक से इंदिरा टंकी तक 600 एमएम राईजिंग मेन पाइप लाइन विस्तार कार्य, 5 करोड़ की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर में नाली, रोड, लाइट एवं पानी की व्यवस्था, 2 करोड़ की लागत से पेंड्री मुक्तिधाम से अस्पताल तक सड़क निर्माण, 3 करोड़ 50 लाख की लागत से नारकन्हैया नाला से बसंतपुर जिला अस्पताल तक नाला निर्माण, 50 लाख की लागत से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम की मरम्मत कार्य शामिल किया है। इस प्रकार कुल 63 करोड़ 65 लाख से अधिक के विकास कार्य कराने राजनंदगांव में स्वीकृति मिली है, जिससे हमारा शहर विकास की ओर अग्रसर होगा और नगर की तस्वीर बदलेगी। महापौर श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना नवीन योजना है, जिसमें मूलभूत सुविधा के अलावा अन्य जनहित के कार्य कराने स्वीकृति प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में विकास के लिए छत्तीसगढ सरकार का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे प्रभारी मंत्री माननीय विजय शर्मा एवं यशस्वी सांसद श्री संतोष पाण्डे ने भी अपने मद से स्वीकृति प्रदान कर शहर विकास में अपनी महती भूमिका निभा रहे है। नगर निगम के इस 4 माह के कार्यकाल में विकास की इतनी बडी सौगात मिलने पर महापौर श्री यादव सहित निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा तथा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदगणो ने छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नगरीय प्रशासन मंत्री, प्रभारी मंत्री तथा सांसद का नगरवासियों की ओर से ह्दय से आभार व्यक्त करते हुए, इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा की है।

# श्रीमती वंदना तिवारी को महिला मंच दुर्ग संभाग अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दुर्ग संभाग में महिला मंच को सशक्त एवं संगठित स्वरूप प्रदान करने की दिशा में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा लगातार महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की जा रही हैं। इसी कड़ी में संगठन की कर्मठ, जागरूक एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित भावना को देखते हुए राजनंदगांव महिला ब्राह्मण समाज से श्रीमती वंदना तिवारी जी को महिला मंच, दुर्ग संभाग अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।यह नियुक्ति राष्ट्रीय महासचिव श्री शशिकांत तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ललित मिश्रा जी द्वारा की गई है। श्रीमती वंदना तिवारी के समाज सेवा में निरंतर सक्रिय योगदान, नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को देखते हुए यह दायित्व प्रदान किया गया है। उनकी नियुक्ति से सम्पूर्ण विप्र समाज में हर्ष की लहर है। श्रीमती वंदना तिवारी को अध्यक्ष बनाए जाने पर महिला मंच से जुड़ी अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्रदेश सचिव श्रीमती अंजू त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष श्रीमती कनकलता दुबे, शहर अध्यक्ष श्रीमती विजेता शर्मा सहित श्रीमती प्रभा शुक्ला, शकुन तिवारी, अर्चना शुक्ला, कल्पना पांडेय, संगीता मिश्रा, रेणु शर्मा, उर्मिला शुक्ला, रमा तिवारी, किरण तिवारी, मंजू मिश्रा, प्रीति तिवारी, मिथिलेश शर्मा, मनीषा बाजपेई, ममता द्विवेदी, दीनिता शर्मा, गीता तिवारी, संगीता तिवारी, अल्का शर्मा, यामिनी शर्मा,टीनू दीवान, छाया मिश्रा, पूनम शर्मा, स्वाति शर्मा, गौरी शर्मा, जयंती तिवारी, पूजा शर्मा,अंजू तिवारी, अस्मिता गौतम, रोशनी तिवारी, वर्षा पाठक, साधना तिवारी, प्रियंका शुक्ला, दीपिका शुक्ला इत्यादि वरिष्ठ महिलाओं ने शुभकामनाएँ प्रेषित कीं एवं संगठन नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। इस नियुक्ति से दुर्ग संभाग में महिला मंच की गतिविधियाँ और अधिक प्रभावी व सशक्त होंगी, साथ ही समाज के विकास हेतु महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगी।

## श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु 17 से 31 जुलाई तक शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार श्रमिकों की समस्याओं के समाधान हेतु एसओपी अंतर्गत प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए जिले के विभिन्न ग्रामों में 17 से 31 जुलाई 2025 तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए मोबाईल कैम्प में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 17 जुलाई को ग्राम टेड़ेसरा, 25 जुलाई को ग्राम खपरीकला, 29 जुलाई को ग्राम गठुला एवं छुरिया विकासखंड अंतर्गत 17 जुलाई को ग्राम लाममेटा, 22 जुलाई को चिरचारीकला, 25 जुलाई को बेलरगोंदी, 29 जुलाई को भोलापुर, 31 जुलाई को बम्हनी चारभांठा तथा डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 17 जुलाई को रूदगांव, 22 जुलाई को केसला, 25 जुलाई को खुज्जी, 29 जुलाई को बोदेला, 31 जुलाई को आरगांव में शिविर का आयोजन किया गया है।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com